प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 15.04.2024**

अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान

अवगत कराना है कि प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब निर्माण, बिक्री, तस्करी व अवैध स्प्रिट/एल्कोहल पर अंकुश लगाए जाने के सम्बंध में दिनांक 13.04.2024 से 14.04.2024 तक पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के निर्देशन में चलाए गये 02 दिवसीय अभियान के तहत अवैध कृत्य में पूर्व से चिन्हित/सूचीबद्ध ग्रामों में आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित कर जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक के द्वारा आवश्यक पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र अंर्तगत तस्दीक/छापेमारी करते हुए अवैध कृत्य में संलिप्त/सक्रिय व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

कार्यवाही का विवरण निम्नवत् है:-

जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ प्रभारी निरीक्षक व आबकारी विभाग के संयुक्त प्रयास से कुल 1662.20 लीटर अवैध कच्ची/देशी शराब बरामद करते हुए 52 अभियोग पंजीकृत कर कुल 52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से लगभग 12 कुन्तल लहन व अवैध शराब निर्माण भट्टी को नष्ट कराया गया।

कोतवाली
गन्दगी फैलाना